# बोडगॉव ग्राम को नशामुक्ति बनाने हेतु संकल्प

विकासखण्ड डही जिला धार में जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोडगॉव द्वारा जन–जागरण द्वारा एक उल्लेखनीय कार्य किया गया। ग्राम में ग्रामीणों के साथ संवाद, चौपाल, रैली, संगोष्ठियां और धार्मिक आयोजन कर ग्राम के लोगों से समन्वय स्थापित करके प्रत्येक परिवारो में घर–घर सम्पर्क करके ग्राम में अलख जगाने का कार्य किया गया है एवं नशामुक्ति हेतु ग्राम में काफी उत्कृष्ट कार्य समिति द्वारा किये गये हैं।

सम्पूर्ण ग्राम में नशाबंदी का कार्य किया गया है। समय–समय पर नशीले पदार्थों से स्वास्थ्य को होने वाले दुष्परिणामों से ग्रामवासियों को अवगत कराया गया है। ग्राम के कुल 80 युवाओं एवं 30 महिलाओं के सामूहिक रूप से नशामुक्ति का संकल्प लिया गया एवं ग्राम के अन्य व्यक्तियों के प्रेरित करने हेतु समिति बनाई गई है। पूरे ग्राम नशा उन्मूलन हेतु दीवार लेखन भी



किया गया है। ग्राम शीघ्र नशामुक्ति ग्राम घोषित हो सकेगा। इस प्रकार समिति के कार्य की आस–पास के ग्रामो में चर्चा का विषय है एवं विकासखण्ड क सम्पूर्ण वनवासी अंचल में प्रेरणा के रूप में कार्य किया जा रहा है। बोडगॉव समिति अध्यक्ष गेंदालाल परिहार एवं सचिव रमेश सस्तियॉ के द्वारा ग्राम में नशामुक्ति एवं समग्र शौचालय हेतु भी उत्कृष्ट कार्य किया गया है।

## प्रस्फुटन समिति एवं सीएमसीएलडीपी छात्र/छात्राओं द्वारा धार जिले के 52 ग्राम पंचायत पूर्णतः शौचालय युक्त

धार जिले में कार्यरत सीएमसीएलडीपी छात्र/छात्राओं और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों के प्रयासों से जिले के 52 ग्रामों को पूर्णतः शौचायल युक्त किया गया है। विकासखण्ड धार में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत विकासखण्ड के 16 ग्रामों में प्रचार–प्रसार, रैली एवं जागरूकता बैठक के माध्यम से शौचालययुक्त ग्राम बनाये गये हैं। सीएमसीएलडीपी के छात्र/छात्राओं को प्रेरक के रूप में चयन किया गया है।

प्रशिक्षण प्राप्त करके ग्राम में शौचालय बनवाये गये हैं। शौचालय का उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया है। जिले के कार्यक्रम में जनपद पंचायत द्वारा छात्र/छात्रों को सम्मानित किया गया है। धार जिला कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत धार के द्वारा प्रशंसा की गई है। धार जिले की 52 ग्राम पंचायतें पूर्णतः शौचालय ग्राम घोषित की गई हैं।

